लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4373

19 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

परिधान निर्यात

4373. श्री अनुभव मोहंतीः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या परिधान निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की 93745 करोड़ रुपये की तुलना में 5 प्रतिशत की कमी आई है और यह अब 88709 करोड़ रुपये हो गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या निर्यात में आई यह कमी केन्द्र द्वारा 2000 करोड़ रुपये की राज्य शुल्क छूट (आरओएसएल) का पिछली जुलाई से भुगतान न किए जाने के कारण पैदा हुए वित्तीय संकट के कारण आई है जिससे 55 प्रतिशत परिधान निर्यातकों पर प्रभाव पड़ा है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार इस मामले की जांच करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि परिधान निर्यातकों का सारा बकाया यथाशीघ्र निपटाया जाए; यदि हां, तो तत्संबंधी कार्ययोजना क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) : जी नहीं। वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़े के अनुसार अपैरल का निर्यात वर्ष 2017-18 में 107,644 करोड़ रूपए से 5% बढ़कर वर्ष 2018-19 में 112,701 करोड़ रूपए हो गया है।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता।

*****